कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

iksLV uke&'kkldh; dU;k egkfo|ky;]nqxZ ¼N-x-½ Qksu 0788&2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com **Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in**

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.08.2023

//प्रतिवेदन//

एंटी रैगिंग सप्ताह दिनांक 12-08-2023 से 18-08-2023

यू.जी.सी के निर्देशानुसार शा. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में दिनांक 12-08-2023 से दिनांक 18-08-2023 तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया।

रैगिंग सप्ताह के प्रथम दिवस छात्राओं को रैगिंग उन्मुखीकरण अभियान के अन्तर्गत छात्राओं को रेलिंग के विषय में जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम में स्नातक स्तर एवं स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणाम और दण्ड प्रक्रिया के प्रावधानों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को रैगिंग करने के दुष्परिणाम की जानकारी दी।

सप्ताह के द्वितीय दिवस छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से यू.जी. के वेबसाइट पर एंटी रैगिंग के संबंध में दर्शाये चलचित्रों का प्रदर्शन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

सप्ताह के तृतीय दिवस में एंटी रैगिंग के लिए निर्धारित प्रारूप पर शपथ का वाचन कराया गया प्रत्येक कक्षा में छात्राओं द्वारा शपथ ग्रहण की गई महाविद्यालय की अधिकांश छात्राओं को शपथ दिलाई गई साथ ही उनके हस्ताक्षर के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित की गयी।

सप्ताह के चतुर्थ दिवस छात्राओ को पूर्व में प्रेषित सूचना के माध्यम से पोस्टर, स्लोगन आदि का संग्रहण किया गया महाविद्यालय की 30 छात्राओं ने पोस्टर एवं 12 छात्राओं से स्लोगन के माध्यम से ऐटी रैगिंग पर उत्ेंष्ट प्रस्तुती दी।

सप्ताह के पंचम दिवस पोस्टर, स्लोगन का महाविद्यालय की आर्ट गैलरी में प्रदर्शन किया गया और नियुक्त जजो के द्वारा उनके प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान का निर्धारण किया गया।

सप्ताह के छठवे दिवस में छात्राओ को पारितोषक (प्रमाणपत्र) वित्त संस्था के प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापक द्वारा किया। शेष प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार के कप में प्रमाणपत्र प्रदान किये गये, उपरोक्त सप्ताह शासन के निर्देशानुसार अनुशासनात्मक एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम का संयोजन एंटी रैगिंग समिति के प्रभारी डॉ. अनिल जैन द्वारा किया गया।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

Induction Programme

Anti Ragging - Oath

Poster Exhibition of Anti Ragging

Slogan On Anti Ragging





Display of Anti Ragging Video